# *विद्याभवन, बालिका विद्यापीठ, लखीसराय*

***विषय-हिंदी*** ***दिनांक-14/07/2020***
***वर्ग-तृतीय*** ***वर्ग -शिक्षिका— नीतू कुमारी***
***(N.C.E.R.T. पर आधारित)***
***पाठ-10(चींटियों का संसार)***

---

***सुप्रभात बच्चों,***
***पिछली कक्षा में आपको कहानी का भावार्थ पढ़ने को दिया गया था। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप अध्ययन-सामग्री को पूरे मनोयोग से पढ़ते होंगे। आज की कक्षा में आपको उसी पाठ का प्रश्नावली जानना है, जो कि इस प्रकार है:—***

***इन प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए:—***
*(क) एक बाँबी में लगभग कितनी चींटियाँ रहती हैं?*
*उत्तर—एक बाँबी में लगभग दो हज़ार चींटियाँ रहती हैं।*
*(ख) चींटियों के एक परिवार की मुखिया कौन होती है?*
*उत्तर— चींटियों के एक परिवार की मुखिया रानी चींटी होती हैं।*
*(ग) बाँबी में जमा किए गए भोजन की रक्षा कौन करता है?*
*उत्तर— बाँबी में जमा किए गए भोजन की रक्षा मज़दूर चींटियाँ करती हैं।*

***उचित विकल्प चुनकर ख़ाली स्थान भरिए—***
*(क) बाँबी में सामान रखने के लिए अलग-अलग खाने बने होते हैं। (खाने/अलमारी)*
*(ख) मीठे भोजन से चींटियों को शक्ति मिलती है। (शक्ति/मिठाई)*
*(ग) फूलों का रस चींटियों को बहुत पसंद होता है। (रंग/रस)*
*(घ) चींटियाँ बहुत मेहनती होती है। (आलसी/मेहनती)*
*(ड़) चींटियों का संसार निराला है। (निराला/पाताल)*

***इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए—***
*(क) बाँबी की क्या विशेषता होती है?*
*उत्तर— बाँबी गरमियों में ठंडा और सर्दीयों में गरम रहता है।*
*(ख) मज़दूर चींटियाँ क्या-क्या काम करती हैं?*
*उत्तर— मज़दूर चींटियाँ बाँबी बनाने का काम करती हैं। खाना जमा करना, भोजन की रक्षा मज़दूर चींटियाँ ही करती हैं।*
*(ग) सर्दियों में चींटियों कैसे जीवित रहती हैं?*
*उत्तर— सर्दियों में चींटियाँ साल भर तक जमा किए हुए भोजन की वजह से जीवित रहते हैं।*
*(घ) चींटियों का एंटिना उनके किस प्रकार काम कार्य है।*
*उत्तर— चींटियों का एंटिना उन्हें खाना ढूँढने में मदद करता है। एंटिना से वे मीठे की सुगंध का पता करता है।*

---

## ***गृहकार्य :—***

***बच्चों, दी गयी प्रश्नावली को अपनी वर्ग-कार्य कॉपी में शुद्ध-शुद्ध तथा सुंदर अक्षरों में लिखें तथा याद करें।***